# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, रायबरेली
## हिन्दी विभाग
### क्रियान्वयन समिति बैठक

दिनांक 23/06/2022 (गुरूवार) अपरान्ह 03.30 बजे हिन्दी विभाग की क्रियान्वयन समिति बैठक मीटिंग कक्ष संख्या 06 में आयोजित की गई जिसमे निम्नलिखित समिति सदस्य उपस्थित रहें-

1) श्री एन०एस० बोरा – संयुक्त निदेशक एवं अध्यक्ष – प्रभारी
2) श्री अमितवा चौधरी, एसोसिएट प्रोफेसर-एम०एफ०एम० विभाग
3) डॉ० लाल सिंह, सहायक प्राध्यापक, एल०डी० विभाग
4) श्री रिमांशु पटेल, सहायक प्रोफेसर-एफ०डी० विभाग
5) सुश्री लिपि, सहायक प्राध्यापक – एफ०एम०एस० विभाग
6) श्री एम0 कन्दास्वामी, सहा० निदेशक (अकादमिक) तथा क्रयाधिकारी
7) श्री अश्वनी कुमार कुविंद, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी (अतिथि सदस्य के रूप में)
8) श्रीमती पूनम कुमारी, सहायक (एस०डी०ए०सी० विभाग)
9) श्री शैलेश शर्मा, वरिष्ठ पुस्तकालय सहायक
10) श्री राजेश कुमार यादव, सहायक (निदेशक कार्यालय)
11) श्री आवेश त्रिपाठी, कनिष्ठ सहायक (हिन्दी एवं एफ०सी० विभाग)
12) श्री प्रवीन श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक (ए०डी० विभाग एवं नोडल हिन्दी अधिकारी एवं सचिव – रा०क्रि०स०)

**बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा हुई –**

1) **पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि –**
सर्वप्रथम समिति सचिव ने पिछली बैठक के कार्यवृत्त से सभी को अवगत कराया तथा सभी उपस्थित सदस्यों ने कार्यवाही की पुष्टि की।

2) **निफ्ट मुख्यालय से प्राप्त हुए वार्षिक हिन्दी कलेण्डर 2022-23 के अनुपालन के सन्दर्भ में –**
दिनांक 09 जून 2022 को सहायक निदेशक राजभाषा, निफ्ट मुख्यालय से प्राप्त पत्र संख्या 1200(14)/हिंदी/वा०का०/2022/650 हिन्दी वार्षिक कलेण्डर 2022-23 के अनुपालन के सन्दर्भ में चर्चा की गयी।

3) **हिन्दी विभाग हेतु कार्यालय आवंटन ''हिन्दी सेल'' के सन्दर्भ में-**
हिन्दी विभाग हेतु कार्यालय आवंटन ''हिन्दी सेल'' के सन्दर्भ में चर्चा की गई जिसके उपरान्त प्रशासनिक भवन के प्रथम तल पर कमरा नं० – 101 हेतु संयुक्त निदेशक महोदय सहमत हुए।

4) **सभी विभागों के नामपट्ट द्विभाषी करने के सन्दर्भ में –**
बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गई की परिसर के सभी विभागों के नाम जैसे विभागीय कार्यालय, कक्षाओं के नाम, प्रयोगशालाओं के नाम, संकाय सदस्य के केबिन, हिन्दी सेल, अधिकारियों (सहायक निदेशक तथा इससे ऊपर स्तर के) इत्यादि के नाम-पट्टिका जो द्विभाषी नहीं है, के साथ अगले सप्ताह तक प्रशासन विभाग को भेज दी जाये तथा नामपट्ट के डिजाइन का कार्य श्री शोहेब अंसारी, डॉ० अजय कुमार तथा श्री विकास कुमार की टीम द्वारा किया जाएगा तथा श्री विनोद रतूड़ी तथा श्री अश्वनी कुमार कुविंद इसका समन्वयन करेंगे। **(कार्यवाही हेतु – प्रशासन विभाग तथा हिन्दी विभाग तथा डिजाइन टीम सदस्य)**

5) **माह – अगस्त 2022 में आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर आयोजित होने वाली कार्यशाला का आयोजन एस०डी०ए०सी० विभाग के साथ किए जाने के सन्दर्भ में –**
इस बिन्दु पर चर्चा की गई कि आने वाले 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हिन्दी विभाग एवं एस०डी०ए०सी० विभाग मिलकर रायबरेली के वीर योद्धाओं को उनके द्वारा दिये गए अतुल्य योगदान को पुनः स्मरण किये जाने हेतु सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। इस संदर्भ में संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। **(कार्यवाही हेतु – एस०डी०ए०सी विभाग एवं हिन्दी विभाग)**

6) **रिसोर्स सेंटर के द्वारा वर्ष – 2022-23 के दौरान क्रय की जाने वाली हिन्दी पुस्तकों के सन्दर्भ में –**
राजभाषा विभाग द्वारा हिन्दी भाषा का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार हो इसलिए वर्ष -2022-23 के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दी भाषा की पुस्तकों के क्रय करने पर अधिक ज़ोर दिया जाए। **(कार्यवाही हेतु – संसाधन विभाग)**

6) **पूर्व में भेजी गयी सभी हिन्दी तिमाही रिपोर्ट पर गठित समिति द्वारा निरीक्षण के सन्दर्भ में –**

इस बिन्दु में क्रियान्वयन समिति द्वारा गठित निरीक्षण समिति के द्वारा प्रथम चरण में हिन्दी विभाग, प्रशासन विभाग, स्थापना विभाग एवं लेखा विभाग के द्वारा पूर्व में भेजी गयी तिमाही रिपोर्ट के निरीक्षण पर सहमति प्रदान की गई। तत्पश्चात अन्य विभागों के भी निरीक्षण पर चर्चा की गई। **(कार्यवाही हेतु – हिन्दी विभाग)**

7) **एस०डी०ए०सी० विभाग के अन्तर्गत लिटरेरी विंग द्वारा छमाही जारी किए जाने वाले न्यूजलेटर में हिन्दी के लेखों को शामिल किए जाने एवं इसे जारी रखने के सन्दर्भ में –**

इस बिन्दु पर समिति द्वारा चर्चा की गई कि हिन्दी विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले लेखों को छमाही जारी किए जाने वाले न्यूज़लेटर में पूर्व की भांति शामिल किया जाए। **(कार्यवाही हेतु – एस०डी०ए०सी विभाग)**

8) **नव नियुक्त संकाय सदस्यों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिन्दी टाइपिंग कार्यशाला के आयोजन के सन्दर्भ में –**

निफ़्ट रायबरेली में नव नियुक्त संकाय सदस्यों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिन्दी टाइपिंग, वॉइस टाइपिंग से संबंधित हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन की बात रखी गई जिससे सभी के द्वारा अधिक से अधिक किए जाने वाले कार्यों को हिन्दी में किया जा सके। **(कार्यवाही हेतु – हिन्दी विभाग)**

9) **निफ्ट रायबरेली की वेबसाइट में हिन्दी कार्नर/हिन्दी सेल के निर्माण एवं इसके रख-रखाव के सन्दर्भ में –**

समिति की बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गई कि निफ़्ट रायबरेली की वैबसाइट पर एक हिन्दी कॉर्नर होना चाहिए जहां संस्थान द्वारा किए गए एवं किए जाने वाले राजभाषा से संबंधित सभी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जा सके। **(कार्यवाही हेतु – आई०टी० विभाग)**

अंत में सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद देने के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| **आवेश त्रिपाठी**<br>(क० सहायक- हिन्दी एवं एफ०सी०) | राजेश 27/6/2022<br>**राजेश कुमार यादव**<br>(सहायक – निदेशक कार्यालय) | **शैलेश शर्मा**<br>(वरिष्ठ सहायक– पुस्तकालय) |
| **पूनम कुमारी**<br>(सहायक – एस०डी०ए०सी०) | 27/6/22<br>**एम० कन्दास्वामी**<br>सहा० निदेशक एवं क्रय अधिकारी | (विभागीय दौरे पर)<br>**डॉ० लाल सिंह**<br>(सहा० प्राध्यापक – एल०डी० विभाग) |
| Lipi<br>**लिपि**<br>(सहा० प्राध्यापक-एफ०एम०एस० विभाग) | **रिमांशु पटेल**<br>(सहा० प्राध्यापक – एफ०डी० विभाग) | **अमितावा चौधुरी**<br>(सह प्राध्यापक – एफ०एम०एस० विभाग) |
| प्रवीन<br>**प्रवीन श्रीवास्तव**<br>(नोडल हिन्दी अधिकारी एवं सचिव – राजभाषा क्रियान्वयन समिति) | **एन०एस० बोरा**<br>(संयुक्त निदेशक एवं अध्यक्ष -प्रभारी) | |